CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 279 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 13 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# मांडल से मांडलगढ़ तक बजरी, मंदिर, संगठन और युवाओं पर प्रद्युमन सिंह का बड़ा बयान

## लाइव प्रोडकास्ट में बोले 'राजनीति सेवा की होनी चाहिए, लूट की नहीं '; देवनारायण मंदिर मुद्दे पर भी उठाए सवाल

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

जिले के मांडल और मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्रों की राजनीति पर कांग्रेस के युवा नेता प्रद्युमन सिंह ने राजस्थान फोकस और भीलवाड़ा फोकस के प्रधान संपादक कपिल विजयवर्गीय के साथ लाइव प्रोडकास्ट में खुलकर चर्चा की और सवालो का बेबाकी से जवाब दिया । सिंह ने इस दौरान दोनों क्षेत्रों की राजनीति, संगठन, अवैध गतिविधियों और युवाओं की भूमिका पर खुलकर अपनी बात रखी । करीब एक घंटे चली इस बातचीत में उन्होंने कई संवेदनशील मुद्दों पर बेबाक राय रखी।

### 'मांडलगढ़ मेरा भी क्षेत्र, राजनीति में सीमाएं नहीं होती '

मांडल की जगह मांडलगढ़ में अपनी बढ़ती सक्रियता को लेकर उठ रहे सवालों पर प्रद्युमन सिंह ने स्पष्ट कहा कि उनका पैतृक गांव इसी क्षेत्र में आता है, इसलिए यहां काम करना स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा कि राजनीति में 'यह मेरा और वह तुम्हारा क्षेत्र' जैसी सोच नहीं होनी चाहिए, बल्कि संगठन और जनता के लिए काम करना प्राथमिकता होनी चाहिए।

### मांडल की राजनीतिः निर्दलीय से संगठन तक का सफर

उन्होंने अपने राजनीतिक सफर का जिक्र करते हुए बताया कि 2018 में उन्होंने मांडल विधानसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ा था। टिकट नहीं मिलने के बावजूद उन्होंने चुनौती स्वीकार की और सम्मानजनक वोट हासिल किए। बाद में उन्होंने कांग्रेस संगठन के साथ मिलकर काम किया और 2023 के चुनाव में पार्टी प्रत्याशी का समर्थन किया।

हालांकि 2023 में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा, जिसे उन्होंने एंटी इनकंबेंसी और बदलते राजनीतिक समीकरणों का परिणाम बताया।

### मांडलगढ़ में कांग्रेस संगठन पर फोकस

मांडलगढ़ क्षेत्र में संगठन की स्थिति पर उन्होंने साफ कहा कि 'तेरा-मेरा छोड़कर सभी को पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करना होगा, तभी कांग्रेस मजबूत होगी। ' उन्होंने यह भी माना कि क्षेत्र में संगठन को और मजबूत करने की जरूरत है और इसका असर आने वाले पंचायती राज चुनावों में देखने को मिलेगा।



### बजरी और अवैध खनन पर तीखा हमला

बातचीत के दौरान सबसे ज्यादा मुखर रुख उन्होंने अवैध बजरी खनन को लेकर अपनाया। उन्होंने कहा 'गरीब आदमी दिन-रात मेहनत करके कमाता है और उससे भी हिस्सेदारी लेना गलत है। यह राजनीति नहीं, शोषण है। '

उन्होंने आरोप लगाया कि अवैध खनन के कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं और आम लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है। उन्होंने इस तरह की गतिविधियों को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जनप्रतिनिधि का काम सेवा करना

सिंह ने मांडलगढ़ के परिपेक्ष्य में बिना नाम लिए कहा कि 'जनप्रतिनिधि का काम सेवा करना है, लेकिन कहीं-कहीं राजनीति को कमाई का माध्यम बना दिया गया है। 'उन्होंने यह भी कहा कि जनता सब देख रही है और समय आने पर जवाब देती है।

### देवनारायण मंदिर मुद्दे पर उठाए सवाल

मांडल क्षेत्र के देवनारायण मंदिर को लेकर किए गए चुनावी वादों पर उन्होंने कहा कि यह मामला न्यायालय में लंबित है, ऐसे में इस पर राजनीतिक वादे करना उचित नहीं है। उन्होंने कहा अगर कोई वादा किया है तो उसे पूरा करना चाहिए, नहीं तो यह जनता को भ्रमित करने जैसा है।

### गोपाल गुर्जर प्रकरणः युवाओं को सही दिशा जरूरी '

चर्चा के दौरान गोपाल गुर्जर के संदर्भ में उन्होंने कहा कि युवाओं के पास ताकत और ऊर्जा होती है, लेकिन उन्हें सही नेतृत्व और दिशा मिलना जरूरी है।

'अगर सही दिशा नहीं मिले तो उसी ताकत का दुरुपयोग भी हो सकता है, '

### युवाओं में बढ़ती अवैध गतिविधियों पर चिंता

उन्होंने युवाओं के अवैध बजरी खनन और नशे की ओर बढ़ते रुझान पर चिंता जताते हुए कहा 'संस्कार, पढ़ाई और खेल यही तीन चीजें युवाओं को गलत रास्ते से बचा सकती हैं। '

उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है।

### स्पोर्ट्स को बनाया मिशन, राजनीति नहीं

खेल आयोजनों में अपनी सक्रियता को लेकर उठ रहे सवालों पर उन्होंने कहा कि यह राजनीति नहीं बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। 'बच्चे खेलते हैं, हम सहयोग करते हैं। अगर कोई उन्हें प्रोत्साहन देता है तो इसमें गलत क्या है? '

उन्होंने भविष्य में बड़े स्तर के खेल आयोजनों की भी योजना बताई।

### बीजेपी सरकार और प्रशासन पर टिप्पणी

उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था में कई जगह राजनीति का उद्देश्य सेवा से हटकर कमाई बन गया है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि प्रशासन की कुछ कार्यवाहियों से अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण आया है।

### 'मौका परस्त नेता खुद ही अलग हो जाते हैं '

पार्टी बदलने या दोहरी भूमिका निभाने वाले नेताओं पर उन्होंने कहा 'ऐसे लोग खुद ही अलग हो जाते हैं, इससे संगठन कमजोर नहीं बल्कि मजबूत होता है। '

### पंचायती राज चुनाव पर नजर

आने वाले पंचायती राज चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस मजबूती से मैदान में उतरेगी। हालांकि उन्होंने टिकट या व्यक्तिगत दावेदारी पर कोई स्पष्ट बयान नहीं दिया और कहा कि यह निर्णय पार्टी नेतृत्व करेगा।

### युवाओं के लिए संदेश

अंत में उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा 'नशे से दूर रहें, खेल-कूद और पढ़ाई में ध्यान दें और अपने संस्कार बनाए रखें यही सफलता का रास्ता है। '

# टोल तोड़ भागे तस्कर, भीलवाड़ा एएनटीएफ और पुलिस की घेराबंदी में कार से 120 किलो डोडा पोस्त जब्त, तीन आरोपी गिरफ्तार



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

( **पुनित चपलोत** ) एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की भीलवाड़ा टीम ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कार से 120 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एएनटीएफ महानिरीक्षक पुलिस विकास कुमार ने बताया कि अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस दिनेश एम.एन. के मार्गदर्शन में टीम द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में भीलवाड़ा टीम को सूचना मिली कि एक हुंडई कार चित्तौड़गढ़ से अजमेर के रास्ते अवैध मादक पदार्थ लेकर पंजाब जा रही है।

सूचना के आधार पर टीम ने चित्तौड़गढ़-अजमेर मार्ग स्थित टोल प्लाजा पर निगरानी रखी। बताए गए हुलिये के अनुसार कार की पहचान होते ही टीम ने उसका पीछा शुरू किया। पीछा करते समय आरोपियों को शक हो गया और वे टोल प्लाजा तोड़कर भागने लगे।स्थिति को देखते हुए एएनटीएफ टीम ने तत्काल अजमेर पुलिस से संपर्क कर आगे नाकाबंदी करवाई। संयुक्त कार्रवाई में टीम और स्थानीय पुलिस ने आरोपियों को कार सहित धर-दबोचा।

तलाशी के दौरान वाहन से भारी मात्रा में अवैध डोडा-चूरा बरामद हुआ, जिसका वजन करीब 120 किलोग्राम पाया गया। पुलिस ने मादक पदार्थ जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी मनीष मणी सिंघा (26), निवासी बरनाला, पंजाब शंयकी सिंह (22), निवासी पटियाला, पंजाब

युवराज सिंह (20), निवासी संगरूर, पंजाब है । पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर तस्करी नेटवर्क के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

# अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की लगातार कार्रवाई, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

## तीसरे दिन भी चला अभियान, बजरी माफियाओं में मचा हड़कंप



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

अवैध बजरी खनन के खिलाफ बड़लियास थाना पुलिस का अभियान लगातार जारी है। तीसरे दिन भी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अवैध बजरी परिवहन कर रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। लगातार हो रही कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

रविवार सुबह थाना क्षेत्र के भाकलिया गांव के पास जित्या माफी रोड पर पुलिस ने यह कार्रवाई की। एएसआई गोपाल सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के निर्देश पर थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में टीम ने अवैध बजरी परिवहन पर निगरानी रखते हुए कार्रवाई की।

कार्रवाई के दौरान अवैध बजरी ले जा रही दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोककर जब्त किया गया और उन्हें थाने लाकर खड़ा किया गया। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस की लगातार तीसरे दिन हुई कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में डर का माहौल है।

इस कार्रवाई में एएसआई गोपाल सिंह, कांस्टेबल बाबूलाल, विनोद कारगवाल सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

# चलती बाइक बनी आग का गोला, युवक गंभीर रूप से झुलसा

## केसरपुरा के पास हादसा, पेट्रोल टंकी खोलते ही भड़की आग



**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

थाना क्षेत्र के केसरपुरा के पास रविवार सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई , जब एक चलती बाइक अचानक आग के गोले में तब्दील हो गई। इस हादसे में बरडा निवासी शिवराज धाकड़ गंभीर रूप से झुलस गया, जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, शिवराज धाकड़ नाना बाबा का झोपड़ा से केसरपुरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी बाइक अचानक बंद हो गई। बाइक को दोबारा स्टार्ट करने के प्रयास में उसने पेट्रोल टंकी का ढक्कन खोला, तभी अचानक तेज लपटें उठीं और कुछ ही क्षणों में पूरी बाइक आग की चपेट में आ गई।

अचानक लगी आग से शिवराज को संभलने का मौका नहीं मिला और वे बुरी तरह झुलस गया। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत साहस दिखाते हुए आग बुझाने और घायल को बचाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

घटना के बाद घायल शिवराज को तुरंत भीलवाड़ा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जयपुर रेफर कर दिया।

सूचना मिलते ही अमरगढ़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में बाइक में तकनीकी खराबी के चलते पेट्रोल लीकेज से आग लगने की आशंका जताई जा रही है।

CMYK

# गौ सम्मान आह्वान अभियान बैठक संपन्न, गौ रक्षा हेतु 27 अप्रैल को सौंपा जाएगा ज्ञापन



**भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर**

**(गजानंद जोशी):** क्षेत्र में गौ सेवा और संरक्षण को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन किया गया। बालाजी मंदिर परिसर में दोपहर करीब सवा 12 बजे आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में गौभक्तों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

बैठक में गौमाता को राष्ट्रमाता घोषित करने, गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। इन मांगों को लेकर आगामी 27 अप्रैल को महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान बनास नदी के पश्चिम क्षेत्र की दस पंचायतों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में अभियान की रूपरेखा तैयार की गई और जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक में उपस्थित गौभक्तों को अभियान से जुड़ी आवश्यक जानकारियां भी दी गईं।

इस अवसर पर अनिल कुमार शर्मा (जामोली), राधेश्याम शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, अंजनी कुमार शर्मा, गोविंद कुमार शर्मा, अजय सुवालका, देवराज भाट, लाडूराम भाट (पंडेर), महावीर सिंह राजपूत, कालूराम वैष्णव (गंधेर), राकेश टांक (रोपा), देवलाल शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा (बिहाड़ा), चंद्रेश जोशी, भगवान कीर (जामोली), पिलु धाकड़ (पलासिया) सहित अनेक गौभक्त मौजूद रहे।

# कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत का भीलवाड़ा दौरा, 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का शिलान्यास

## लक्ष्मीपुरा व फलामादा में कई परियोजनाओं की सौगात, ग्रामीण विकास पर जोर





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

राजस्थान सरकार के देवस्थान, गोपालन एवं पशुपालन-डेयरी विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत रविवार को एक दिवसीय दौरे पर भीलवाड़ा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मीपुरा में आयोजित समारोह में करीब 2 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया।

समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना है। उन्होंने बताया कि इन कार्यों से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।

लक्ष्मीपुरा में जिन कार्यों का शिलान्यास किया गया, उनमें खेल मैदान विकास, डेवलपमेंट सेंटर, वृक्षारोपण सहित संपर्क सड़क, सोलर युक्त स्ट्रीट लाइट, उद्यान विकास, ई-लाइब्रेरी निर्माण, प्राथमिक विद्यालय भवन का जीर्णोद्धार, संपर्क सड़क निर्माण, सड़क मरम्मत, ओपन जिम स्थापना, चित्रकारी कार्य एवं खेल कक्ष निर्माण शामिल हैं।

लक्ष्मीपुरा के बाद मंत्री कुमावत फलामादा पंचायत समिति पहुंचे, जहां उन्होंने 3 करोड़ 18 लाख रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें पशु चिकित्सालय भवन निर्माण, राजस्व हाजियास से पंच पीपला देवनारायण मंदिर दांतड़ा सीमा तक सड़क निर्माण तथा फलामादा से भीलों का खेड़ा सड़क निर्माण प्रमुख हैं।

सभा को संबोधित करते हुए मंत्री कुमावत ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

इस अवसर पर आसिंद विधायक जब्बर सिंह सांखला, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# भीलवाड़ा में भक्ति का महासागरः पं. प्रदीप मिश्रा की कथा में उमड़ा लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब

## पांचवें दिन ऐतिहासिक भीड़, साढ़े चार लाख वर्ग फीट का पांडाल भी पड़ा छोटा







**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

धर्मनगरी भीलवाड़ा की पावन धरा पर रविवार को उस समय भक्ति का नया इतिहास रच गया, जब प्रख्यात कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के मुखारविंद से श्री शिव महापुराण कथा श्रवण के लिए लाखों शिवभक्त उमड़ पड़े। आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में आयोजित कथा में श्रद्धालुओं का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि हर किसी की जुबां पर यही था ऐसा दृश्य पहले कभी नहीं देखा गया।

संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य और आयोजन समिति अध्यक्ष अशोक कोठारी के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन में पांचवें दिन पांडाल के अंदर-बाहर जहां तक नजर गई, केवल श्रद्धा और भक्ति में लीन शिवभक्त ही दिखाई दिए।

करीब साढ़े चार लाख वर्ग फीट में बने तीन विशाल डोम और पाइप पांडाल भी श्रद्धालुओं की भीड़ के सामने छोटे पड़ गए। अतिरिक्त तीन टेंट लगाने के बावजूद लोगों को बैठने की जगह नहीं मिल पाई।

प्रचंड गर्मी के बावजूद श्रद्धालु जहां जगह मिली, वहीं बैठकर श्रद्धाभाव से कथा श्रवण करते रहे। आयोजन समिति ने अतिरिक्त टेंट में एलईडी स्क्रीन सहित सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

सोमवार को कथा के छठे दिन महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। नियमित कथा के बाद रात्रि में भजन-कीर्तन के माध्यम से शिव आराधना की जाएगी।

सात दिवसीय आयोजन के अंतिम दिन मंगलवार को सुबह 8 से 11 बजे तक कथा होगी।

पं. प्रदीप मिश्रा ने शिव महापुराण के प्रसंगों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिव की कथा सुनने का अधिकारी वही है, जिसके हृदय में शिव बसते हैं।

उन्होंने कहा कि अमरनाथ या केदारनाथ जाने से पहले अपने घर के पास स्थित शिव मंदिर में एक लोटा जल चढ़ाने की शुरुआत करें। उन्होंने बताया कि कोई शिवलिंग छोटा या बड़ा नहीं होता घर का शिवलिंग भी 12 ज्योतिर्लिंगों के समान है।

रुद्राक्ष धारण करने, भस्म लगाने और शिव को अर्पित जल का आचमन करने वाले के दर्शन भी शिव के समान हैं।

पंडित मिश्रा ने कहा कि भगवान, उनके भक्त और शिव महापुराण की निंदा नहीं सुननी चाहिए।

उन्होंने कहा, 'भक्त बनो, भगवान बनने की होड़ मत करो। जिस दिन स्वयं को भगवान मान लिया, उसी दिन भगवान दूर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में लाखों श्रद्धालुओं की उपस्थिति यह दर्शाती है कि यहां अपार आस्था है।

महाशिवरात्रि के दिन इससे भी अधिक भीड़ उमड़ने की संभावना जताते हुए उन्होंने कहा कि भक्त रात्रि में यहीं भक्ति करेंगे और अंतिम दिन यहां की रज माथे पर लगाकर घर लौटेंगे।

कथा में सुनील जागेटिया, दिनेश पेड़िवाल, सत्येंद्र बिड़ला, लालाराम बारेठ, रामपाल असावा, हरीश काकानी, राधाकिशन सोमानी सहित कई जजमानों ने पूजन किया।

आरती में पूर्व मंत्री धीरज गुर्जर, निम्बाहेड़ा विधायक श्रीचंद कृपलानी, मांडल विधायक उदयलाल भडाना सहित कई जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

सोमवार 13 अप्रैल को महंतों और संतों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

इसमें महंत रविंद्रपुरी महाराज के सानिध्य में देशभर से महामंडलेश्वर और संत शामिल होंगे, जिनमें उज्जैन, हरिद्वार, देहरादून, काशी और नोएडा सहित विभिन्न स्थानों के संत-महात्मा भाग लेंगे।

पंडित मिश्रा ने कहा कि सच्चा अपना वही है, जो दुख में साथ खड़ा रहे।

उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी का कर्ज नहीं चुका सकते तो उसके बच्चों की शिक्षा और चिकित्सा में सहयोग जरूर करें। 'अब दया करो ओ भोलेनाथ' भजन गूंजते ही हजारों श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। पांडाल के अंदर और बाहर हर ओर भक्ति का माहौल नजर आया। कई श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा किए और मंच पर सम्मानित हुए।

कथा के दौरान भगवान कुंडकेश्वर महादेव की सजीव झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे श्रद्धालुओं ने भाव-विभोर होकर निहारा।

# बीगोद नगर पालिका परिसीमन में गड़बड़ी का आरोप, पुनः परिसीमन की मांग

## चेतावनीः सुधार नहीं हुआ तो चुनावों का बहिष्कार



**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद ।**

नवगठित बीगोद नगर पालिका के वार्ड परिसीमन में कथित अनियमितताओं को लेकर क्षेत्र में विरोध बढ़ता जा रहा हैं। अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने जनसंख्या के अनुपात में समान परिसीमन करने की मांग उठाते हुए उपखंड अधिकारी के माध्यम से जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

सामाजिक कार्यकर्ता मुनीर लोहार के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि नगर पालिका के 25 वार्डों के गठन में जनसंख्या का संतुलन नहीं रखा गया है। कुछ वार्डों में जनसंख्या 900 से 950 तक है, जबकि कुछ वार्डों में मात्र 200 से 350 ही रखी गई है। वहीं कई वार्डों में 500 से 700 के बीच जनसंख्या है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि वार्डों का परिसीमन समान रूप से नहीं कर मनमाने तरीके से किया गया है, जिससे राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया गया है। इससे कुछ वार्डों में अत्यधिक जनसंख्या और कुछ में बहुत कम जनसंख्या होने से मतदाताओं के साथ असमानता हो रही है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि सभी वार्डों की जनसंख्या का पुनः निर्धारण कर निष्पक्ष तरीके से परिसीमन किया जाए, ताकि आगामी नगर पालिका चुनाव में मतदाताओं को सही प्रतिनिधित्व मिल सके।

ज्ञापन में कहा गया कि यदि जनसंख्या का मापदंड सही नहीं किया गया तो आगामी नगर पालिका चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। साथ ही आरोप लगाया गया कि परिसीमन में विशेष रूप से कुछ क्षेत्रों के वोटों को प्रभावित करने का प्रयास किया गया है।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि परिसीमन में सुधार नहीं किया गया तो आगामी लोकसभा, विधानसभा एवं नगर पालिका चुनावों का पूर्ण बहिष्कार किया जाएगा। साथ ही उग्र आंदोलन की भी चेतावनी दी गई है, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

ज्ञापन देने के दौरान वसीम लोहार, जमील लोहार, हामिद लोहार, इरफान लोहार, अब्दुल रहमान सिलावट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# रायपुर में रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा बना ऐतिहासिक, 425 यूनिट रक्तदान का रिकॉर्ड

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में रायपुर स्थित श्री हस्ती गुरु पावन धाम में आयोजित रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा सेवा का महाकुंभ बन गया। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को समर्पित इस विशाल शिविर में युवाओं और क्षेत्रवासियों ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए 425 यूनिट रक्तदान कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। यह रायपुर क्षेत्र के इतिहास का पहला शिविर है जिसमें 400 यूनिट से अधिक रक्त संग्रह हुआ।

शिविर का शुभारंभ प्रातः 8:15 बजे संतों के पावन सानिध्य में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संतों ने इस पुनीत कार्य की शुरुआत करते हुए मानव सेवा का संदेश दिया।

मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि रक्तदान ही सच्चा जीवनदान है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सेवा और समानता के संदेश को आत्मसात करने का सबसे श्रेष्ठ तरीका रक्तदान है, जिसे आज के युवाओं ने सार्थक किया है। विशिष्ट अतिथि विधायक प्रत्याशी राजेंद्र त्रिवेदी ने कहा कि रायपुर के युवाओं ने बड़ी संख्या में एकत्र होकर सेवा की एक ऐतिहासिक मिसाल पेश की है। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गायत्री त्रिवेदी और भूमि विकास बैंक के पूर्व अध्यक्ष चेतन डीडवानिया ने भी उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।


रक्त संग्रहण का कार्य महाराणा भोपाल अस्पताल ब्लड बैंक एवं अरिहंत अस्पताल ब्लड बैंक की विशेषज्ञ टीमों द्वारा पूर्ण सावधानी के साथ संपन्न किया गया।

सोसायटी सचिव शंकर लाल गाडरी ने कहा कि रायपुर की पावन धरा पर सेवा का जो सैलाब उमड़ा है, उसने इतिहास रच दिया है। 425 यूनिट रक्तदान बाबा साहेब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि और मानवता के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि युवाओं का जोश ही संस्था की असली ताकत है।



इस अवसर पर शंकर लाल जाट, सुशीला सालवी, रणदीप त्रिवेदी, श्याम लाल पुरोहित, शिवराज सिंह, प्रतिभा गोपाल सोमानी, बद्री जाट, कुलदीप त्रिवेदी, मोहन लाल तिवारी, मांगीलाल जाट, गहरीलाल जाट सहित महिला ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, सामाजिक कार्यकर्ता और सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के समापन पर सोसायटी अध्यक्ष ओम प्रकाश नराणीवाल ने सभी अतिथियों, संतों, रक्तदाताओं एवं मेडिकल टीम का आभार व्यक्त किया।



QUICK BITES

# तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से युवक की मौत, बारात से पहले पसरा मातम

## भांजे की शादी में जाने की तैयारी थी, रास्ते में हादसे ने छीनी जिंदगी

भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़।



**अनिल डांगी।** भांजे की बारात में शामिल होने जा रहे एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई, जिससे परिवार की खुशियां पल भर में मातम में बदल गईं। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक ने दम तोड़ दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मंगरोप थाना क्षेत्र में हुए इस हादसे में चित्तौड़गढ़ जिले के लाल सिंह जी का खेड़ा निवासी बकील (43) पुत्र देवा बंजारा की मौत हो गई। मृतक अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गया है और खाट-निवार बेचकर परिवार का पालन-पोषण करता था।

मंगरोप थाने के एएसआई नारायण लाल के अनुसार, बकील अपने भांजे की शादी में शामिल होने के लिए भीलवाड़ा से कपड़े खरीदकर घर लौट रहा था। गांव से करीब एक किलोमीटर दूर घोड़ा का खेड़ा में उसकी बहन के यहां शादी समारोह था, जहां शनिवार शाम करीब 5 बजे बारात निकलनी थी।

दोपहर करीब 1 बजे मंगरोप कस्बे से बाहर निकलते ही छैपचा के आगे एक खतरनाक मोड़ पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहगीरों व परिजनों की मदद से घायल को तुरंत हमीरगढ़ उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। गोपाल बंजारा ने बताया कि बकील बड़े उत्साह के साथ भांजे की बारात में जाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा हो गया। इससे पूरे परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है तथा परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# वनवासी कल्याण परिषद के जिला उपाध्यक्ष बने कैलाश सोनी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राजस्थान वनवासी कल्याण परिषद की भीलवाड़ा जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रांतीय नगरीय प्रमुख जिला संरक्षक रामप्रकाश अग्रवाल जिला अध्यक्ष दिवाकर जावा ने जिला उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी कैलाश सोनी को नियुक्त किया है वनवासी कल्याण परिषद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की एक प्रमुख अनुषांगिक संस्था है।

# डॉ. अंबेडकर जयंती से पूर्व रक्तदान शिविर, युवाओं ने किया 57 यूनिट रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कोली समाज विकास ट्रस्ट द्वारा वीरांगना झलकारी बाई सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कुल 57 यूनिट रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में हरी सेवा सनातन धर्म मंदिर के संत मायाराम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने युवा रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'रक्तदान मानवता का सबसे बड़ा धर्म है' और अधिक से अधिक युवाओं से इस पुण्य कार्य में भाग लेने का आह्वान किया। ट्रस्ट के सचिव मुरलीधर लोरवाडिया ने बताया कि शिविर का शुभारंभ डॉ. अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर महात्मा गांधी चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम का केसरिया दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर में डॉ. धर्मवीर, भागचंद सोनी , राजकुमार , अनीस , रीना , योगेश , मनीष , निखिल एवं रामपाल सहित मेडिकल टीम का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही। जानकी, राजेश्वरी, उतरा कोली सहित कई महिलाओं ने रक्तदान कर महिला सशक्तिकरण का प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अवसर पर संरक्षक बालूलाल बच्छापरिया, रामलाल तलाया, डालचंद बच्छापरिया, उपाध्यक्ष मोतीसिंह मंडिया, उस्ताद बुद्धि प्रकाश बच्छापरिया, देवीलाल गड़ोरिया, राकेश सोनू, सुनील, गोपाल, उदयलाल, हेमराज सहित कई लोग उपस्थित रहे। कोली समाज महिला संगठन, भीलवाड़ा की पदाधिकारी अंजना, जानकी, दुर्गा, राजेश्वरी, अंतिम, सुनीता, संगीता, मधु, छोटी पूजा सहित कई महिलाएं भी कार्यक्रम में मौजूद रहीं।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर: इंदु देवी जाटव

## 20 अप्रैल तक जिले में चलेंगे जनजागरूकता कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

**मूलचंद पेसवानी।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम, 2023 को भारतीय लोकतंत्र में मील का पत्थर बताते हुए भाजपा की वरिष्ठ नेत्री एवं धौलपुर-करौली लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव ने कहा कि यह ऐतिहासिक संवैधानिक संशोधन महिलाओं को 'नीति की लाभार्थी' से 'नीति निर्माता' बनाने का मार्ग प्रशस्त करेगा। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पारित यह अधिनियम विकसित भारत 2047 के संकल्प की आधारशिला बनेगा। इस अवसर पर सांसद दामोदर अग्रवाल, जिला महामंत्री अविनाश जीनगर, प्रहलाद त्रिपाठी एवं जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया भी मौजूद रहे।




**33% आरक्षण से बढ़ेगी महिलाओं की भागीदारी**

जाटव ने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक-तिहाई (33%) सीटें आरक्षित की जाएंगी, जिसमें एससी एवं एसटी वर्ग की सीटें भी शामिल होंगी। इससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि महिलाओं के नेतृत्व से शासन की प्राथमिकताओं में व्यापक बदलाव आता है और शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं स्वच्छता जैसे विषयों को अधिक महत्व मिलता है।

**महिला सशक्तिकरण में सरकार की योजनाएं प्रभावी**

उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सशक्तिकरण को जीवन-चक्र आधारित दृष्टिकोण से आगे बढ़ाया है।

'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान से लड़कियों की नामांकन दर 80.2% तक पहुंची है, जबकि सुकन्या समृद्धि योजना के 4.6 करोड़ से अधिक खाते खोले गए हैं।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से 4.27 करोड़ महिलाओं को लाभ मिला है तथा पोषण 2.0 के तहत 14 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 8.97 करोड़ लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंच रही हैं।वहीं प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत 32.29 करोड़ महिलाएं बैंकिंग प्रणाली से जुड़ी हैं। मुद्रा योजना के 68% ऋण महिलाओं को दिए गए हैं और 10 करोड़ से अधिक महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ चुकी हैं।

**सदन में गुणात्मक बदलाव आएगा: अग्रवाल**

सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से सदन में गरिमा, गंभीरता और शालीनता में वृद्धि होगी।

उन्होंने बताया कि अधिनियम को प्रभावी बनाने के लिए 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। केंद्र सरकार का लक्ष्य आगामी लोकसभा चुनाव में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित करना है।

**20 अप्रैल तक जिले में होंगे विविध आयोजन**

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के प्रचार-प्रसार के लिए भीलवाड़ा जिले में 20 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके तहत पदयात्रा, वाहन रैली, सैंड आर्ट, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला और लोकगीतों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जाएगी।

जिले के प्रमुख स्थानों पर 'नारी शक्ति दीवार' बनाई जाएगी, जहां महिलाएं अपने विचार लिख सकेंगी। साथ ही कॉलेजों एवं प्रमुख चौराहों पर मानव श्रृंखला भी बनाई जाएगी।

**जिला स्तर पर टीम गठित**

अभियान के संचालन के लिए जिला संयोजक मंजू चेचाणी के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम का गठन किया गया है, जिसमें आरती कोगटा, मंजू पालीवाल, ज्योति आशीर्वाद, मोहिनी माली, अभिश्रुता सोलंकी एवं रागिनी गुप्ता को शामिल किया गया है।

# परिषद की मजबूती के लिए नियमित मासिक बैठकें और समयबद्ध कार्यप्रणाली अनिवार्य है: राधेश्याम सोमानी

## भाविप का प्रांतीय दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न, संस्कार और संगठन विस्तार पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

भारत विकास परिषद राजस्थान मध्य प्रांत का प्रांतीय कार्यकारिणी दायित्व ग्रहण समारोह रविवार को देशभक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके बाद सामूहिक 'वंदे मातरम' के गायन ने पूरे माहौल को राष्ट्रभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। समारोह के मुख्य चरण में क्षेत्रीय संगठन सचिव जगदीश चंद्र शर्मा ने प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी, महासचिव आनंद सिंह राठौड़ एवं वित्त सचिव अमित सोनी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही राष्ट्रीय गतिविधि सह संयोजक मुकेश लाठी एवं राष्ट्रीय सदस्य लोकेश मित्तल ने कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को उनके दायित्व ग्रहण करवाए।




इस अवसर पर वित्त सचिव अमित सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संगठन की वित्तीय पारदर्शिता और अनुशासन को इसकी सबसे बड़ी शक्ति बताया। संगठन की आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए प्रांतीय अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने स्पष्ट किया कि परिषद की मजबूती के लिए नियमित मासिक बैठकें और समयबद्ध कार्यप्रणाली अनिवार्य है। उन्होंने विशेष रूप से युवा शक्ति को संगठन से जोड़ने और शाखाओं में नए व संस्कारित सदस्यों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया। वहीं मुख्य वक्ता जगदीश चंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि निर्धारित सदस्यता शुल्क और निरंतर शाखा विस्तार ही संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के मूल मंत्र हैं। संस्कारों के संवर्धन पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय सह संयोजक मुकेश लाठी ने शाखा स्तर पर गुरुवंदन-छात्र अभिनंदन, भारत को जानो और राष्ट्र समूहगान जैसे प्रकल्पों को और अधिक प्रभावी बनाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में आयोजक शाखा के अध्यक्ष ज्ञानचंद नाहर ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रांतीय संगठन सचिव प्रशांत पाबूवाल के कुशल मंच संचालन में आयोजित इस समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। यह आयोजन परिषद की सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक बनकर उभरा।

# त्रिवेणी संगम में भव्य शोभायात्रा, 501 महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा

## श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का शुभारंभ आज से

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

त्रिवेणी संगम स्थित भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में आयोजित श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ को लेकर रविवार को विशाल कलश यात्रा एवं चारभुजा नाथ की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। सोमवार से महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ होगा।

बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल के अनुसार, श्री श्री 1008 बानोड़ा बालाजी के सानिध्य में आयोजित इस पांच दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालु आहुतियां देंगे।



रविवार को त्रिवेणी सहित गोविंदपुरा, बीड़ का खेड़ा, खटवाड़ा, देवी सिंह जी का खेड़ा, सांड गांव, लोडियाणा, बिलिया, जालिया, पीपल्दा, मानपुरा, रामपुरिया, खाचरोल, भगवानपुरा, रलायता, होडा, पिताजी का खेड़ा, नंदराय, लालपुरा सहित करीब 25 गांवों से चारभुजा नाथ सहित कुल 38 बेवाणों की शोभायात्रा त्रिवेणी संगम पहुंची।

सुबह करीब 9:15 बजे विभिन्न मंदिरों से कलश यात्रा प्रारंभ हुई, जो दोपहर 12:15 बजे मेला चौक से एकत्रित होकर भव्य शोभायात्रा के रूप में निकली। डीजे और ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिला-पुरुष एवं युवा भक्ति में लीन होकर नाचते-गाते नजर आए।

शोभायात्रा रिलायंस पेट्रोल पंप, त्रिवेणी चौराहा सहित विभिन्न मार्गों से गुजरी, जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

इस दौरान 501 महिलाएं एवं बालिकाएं सिर पर कलश धारण कर यात्रा में शामिल हुईं, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

महायज्ञ का शुभारंभ 13 अप्रैल को पूजा-अर्चना के साथ होगा, जबकि 17 अप्रैल को पूर्णाहुति के दिन दोपहर 2:15 बजे भगवान श्री चारभुजा नाथ एवं यज्ञ लक्ष्मी का पाणिग्रहण संस्कार आयोजित किया जाएगा।महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या एवं बगड़ावत कथा का आयोजन भी किया जाएगा।

# महंत बाबूगिरी महाराज का आज महामंडलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

शहर में आज एक ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन होने जा रहा है, जिसमें संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरी महाराज का महामंडलेश्वर पद पर विधिवत पट्टाभिषेक किया जाएगा। इस भव्य समारोह को लेकर संत समाज और श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

इस संबंध में निर्णय श्री पंचायती निरंजनी अखाड़ा मायापुर हरिद्वार के सचिव, अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष एवं मंशादेवी मंदिर ट्रस्ट हरिद्वार के अध्यक्ष महन्त डॉ. रविन्द्रपुरी महाराज के सानिध्य में रविवार रात आयोजित संतों की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया। बैठक में देशभर से आए संतों ने सर्वसम्मति से इस निर्णय को स्वीकृति प्रदान की।

निरंजनी अखाड़े के सचिव महन्त डॉ. रविन्द्रपुरी महाराज एवं महंत रामरतन



गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह भव्य पट्टाभिषेक समारोह आज दोपहर 1 बजे आजादनगर स्थित मेडिसिटी ग्राउंड में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा पांडाल के मुख्य मंच पर संपन्न होगा। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में संत-महात्मा एवं श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक विधि-विधान के साथ महंत बाबूगिरी महाराज को महामंडलेश्वर पद पर आसीन किया जाएगा। समारोह को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं और आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया है।

# बडलियास में नए CHC भवन का शिलान्यास, 8.36 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र

## सांसद अग्रवाल की मौजूदगी में भूमि पूजन, ग्रामीणों को मिली बड़ी सौगात

**भीलवाड़ा फोकस @ बडलियास ।**

राजस्थान सरकार के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की बजट घोषणा के तहत ?8 करोड़ 36 लाख की लागत से बडलियास में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के नए भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का विधिवत शिलान्यास एवं भूमि पूजन समारोह सांसद दामोदर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य एवं मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शिलापट्टिका का अनावरण कर अतिथियों ने क्षेत्रवासियों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं की महत्वपूर्ण सौगात दी, जो भविष्य में क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

**ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा**

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद अग्रवाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। विधायक खंडेलवाल ने कहा कि नए सीएचसी भवन के बनने से स्थानीय नागरिकों को इलाज के लिए दूर शहरों में नहीं जाना पड़ेगा।

**जनप्रतिनिधियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**

इस अवसर पर विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, नंदराय मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत एवं पूर्व पंचायत समिति सदस्य महाराज दिलीप सिंह (बडलियास) सहित कई जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता




रमेश शर्मा, राधेश्याम पोरवाल, दिलीप सिंह राणावत, महामंत्री गोपाल राजस्थला सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

**कार्यकर्ताओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी**

समारोह में भंवर सिंह राणावत, युवराज सिंह राणावत, कमलेश पोरवाल, मुकेश पारवाल, मुकेश शर्मा, रोशन वैष्णव, कालू नाथ एवं देवालाल रैगर सहित भाजपा पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

**हजारों लोगों को मिलेगा लाभ**

समारोह के अंत में ग्रामवासियों ने जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। यह नया स्वास्थ्य केंद्र आधुनिक सुविधाओं से युक्त होकर बडलियास सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों लोगों को सुलभ, त्वरित एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

# जलदाय विभाग की लापरवाही, सड़क के बीच छोड़ा गहरा गड्ढा

## हॉस्पिटल मार्ग पर हादसे का खतरा, राहगीरों और मरीजों की बढ़ी परेशानी

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

उपखंड मुख्यालय आसींद के हॉस्पिटल मार्ग पर जलदाय विभाग और ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आई है। जल सप्लाई लाइन की मरम्मत के नाम पर सड़क के बीचों-बीच गहरा गड्ढा खोद दिया गया, लेकिन कार्य पूरा होने के बाद उसे भरने की जहमत नहीं उठाई गई। इससे यह व्यस्त मार्ग अब हादसों का खतरा बन गया है।

हॉस्पिटल जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप



से दुपहिया वाहन चालकों और मरीजों के लिए यह स्थिति बेहद खतरनाक बनी हुई है। स्थानीय निवासियों और राहगीरों के अनुसार, ठेकेदार के कर्मचारियों ने लीकेज तो ठीक कर दिया, लेकिन गड्ढे को खुला छोड़ दिया गया। इसके चलते यहां आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं, फिर भी संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अत्यंत व्यस्त है और अस्पताल आने-जाने वाले लोगों के लिए मुख्य रास्ता है, इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी मौन बने हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गड्ढे को भरवाकर सड़क को दुरुस्त किया जाए, ताकि किसी भी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# संघ के शताब्दी वर्ष पर बीगोद में प्रमुख जन गोष्ठी आयोजित

## चरित्र निर्माण के साथ राष्ट्रीय निर्माण पर जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आदर्श विद्या निकेतन, बीगोद में प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत वन्देमातरम् के साथ हुआ। इस अवसर पर चितौड़ प्रांत के ग्राम विकास संयोजक श्याम बिहारी एवं खंड संघ चालक रामेश्वर सोनी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्याम बिहारी ने कहा कि संघ की शाखाओं




के माध्यम से व्यक्तिगत चरित्र निर्माण के साथ-साथ राष्ट्रीय चरित्र निर्माण का कार्य निरंतर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के कार्यों में समाज की भागीदारी आवश्यक है और सभी को कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित हिंदू सम्मेलनों से सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला है और इसका सकारात्मक प्रभाव समाज में देखने को मिल रहा है।

गोष्ठी में परिवारों में संस्कार एवं संवाद बढ़ाने पर जोर दिया गया। साथ ही जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं प्लास्टिक उत्पादों के उपयोग से बचने का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों एवं संघ कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही।

# संघ शताब्दी वर्ष पर 'प्रमुख जन गोष्ठी' आयोजित, व्यक्ति निर्माण पर दिया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भीलवाड़ा महानगर के केसरी सिंह बारहठ नगर द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में वरिष्ठ नागरिक भवन में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत सह सेवा प्रमुख श्री नरेंद्र जी ने कहा कि भारत से प्रेम करने वाला और अपनी भारतीय पहचान पर गर्व करने वाला हर व्यक्ति हिन्दू है, चाहे उसकी उपासना-पद्धति कोई भी क्यों न हो। उन्होंने कहा कि हिन्दू शब्द केवल धार्मिक परिभाषा नहीं, बल्कि हजारों वर्षों की सांस्कृतिक निरंतरता से निर्मित एक सभ्यतागत पहचान है।

उन्होंने डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ स्थापना




के समय ही यह स्पष्ट किया गया था कि भारत हिन्दू राष्ट्र है, क्योंकि उसकी सभ्यतागत आत्मा स्वयं इसे अभिव्यक्त करती है। 'भारत और हिन्दू एक-दूसरे के पर्याय हैं । मुख्य वक्ता ने संघ के मूल दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ की स्थापना किसी का विरोध करने के लिए नहीं, बल्कि व्यक्ति निर्माण और समाज को संगठित कर भारत को विश्वगुरु बनाने के उद्देश्य से हुई है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि संघ को समझने के लिए शाखा में जाएं, न कि पूर्वाग्रहों के आधार पर राय बनाएं। उन्होंने 'पंच परिवर्तन'सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्वबोध और पर्यावरण संरक्षण पर विस्तार से चर्चा की। कुटुंब प्रबोधनपर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने पूर्वजों की परंपराओं और कहानियों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए, ताकि उनमें सामाजिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी की भावना विकसित हो।

जनसांख्यिकीय चुनौतियों और सांस्कृतिक संरक्षण पर उन्होंने कहा कि समाज को आत्मविश्वासी, सजग और अपनी पहचान के प्रति दृढ़ रहना होगा। उन्होंने अवैध घुसपैठ, संतुलित जनसंख्या नीति और विभाजनकारी धार्मिक परिवर्तन के प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। साथ ही युवाओं से सोशल मीडिया का विवेकपूर्ण उपयोग करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महानगर संघचालक कैलाश खोईवाल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्वयंसेवक, प्रबुद्धजन, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, विभिन्न व्यवसायों से जुड़े लोग और समाज के विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## QUICK BITES

### शाहपुरा में 127 मेधावी विद्यार्थियों का होगा सम्मान, शिक्षा को मिलेगा नया उत्साह

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी**

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शाहपुरा-बनेड़ा विधानसभा क्षेत्र में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम 13 अप्रैल को सुबह 10:15 बजे रामकोठी (रामद्वारा), शाहपुरा में आयोजित होगा।

इस समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 127 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक, विद्यालयों के शिक्षक, संस्था प्रधान तथा शिक्षा से जुड़े गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।

विधायक डा लालाराम बैरवा के अनुसार, इस सम्मान समारोह का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभावान विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया जाएगा, जिससे अन्य छात्र भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों।

क्षेत्र में शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण को और मजबूत करने के लिए यह आयोजन अहम कदम माना जा रहा है। समारोह में शिक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी चर्चा की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को भविष्य में मार्गदर्शन मिल सके।

### अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा:मंगरोप में 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त,लापरवाही पर स्थानीय पुलिस भी होगी जिम्मेदार

**भीलवाड़ा फोकस @ मंगरोप।**

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के सख्त निर्देशों के बाद अवैध खनन के खिलाफ जिलेभर में कार्रवाई तेज होती नजर आ रही है।इसी कड़ी में मंगरोप थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बजरी खनन में लिप्त 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को जब्त किया है।इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

थाना प्रभारी विजय मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए यह कार्रवाई की।पुलिस को सूचना मिल रही थी कि इलाके में अवैध बजरी दोहन लगातार जारी है,जिसके बाद टीम ने मौके पर दबिश देकर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को पकड़ा।सभी वाहनों को जब्त कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में किसी भी सूरत में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध खनन पाया जाता है तो संबंधित थाना क्षेत्र की स्थानीय पुलिस की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

इस सख्ती के बाद पुलिस प्रशासन ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने और नियमित गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।साथ ही खनन माफियाओं पर नजर रखने के लिए विशेष टीमों का गठन भी किया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से क्षेत्र में अवैध बजरी खनन जारी था।जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा था।पुलिस की इस कार्रवाई से आमजन में भरोसा बढ़ा है और उम्मीद जताई जा रही है कि आगे भी इसी तरह सख्त कदम उठाए जाएंगे।

### भीलवाड़ा के युवा ने नौगांवा सांवरिया सेठ के चरणों में अर्पित की चांदी की आरती थाली

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



कहते हैं जब ठाकुर जी की कृपा बरसती है, तो इंसान को अपनी आंखों पर विश्वास नहीं होता। प्रभु की अद्भुत लीला और भक्त की अगाध श्रद्धा का एक ऐसा ही सुंदर संगम रविवार को देखने को मिला। भीलवाड़ा के आजाद नगर निवासी उमराव सिंह चौधरी के सुपुत्र विपुल जैन ने अपनी व्यावसायिक सफलता को प्रभु का आशीर्वाद मानते हुए एक अनूठी मिसाल पेश की है। विपुल जैन ने नाथद्वारा पहुंचकर सिल्वर (चांदी) का व्यापार शुरू किया था। व्यापार में मिली उन्नति और ठाकुर जी के प्रति अपनी अटूट आस्था के चलते विपुल जैन ने भक्ति भाव से ओत-प्रोत होकर चांदी की भव्य आरती थाली नौगांवा सांवरिया सेठ (ठाकुर जी) को भेंट की। इस दौरान उनके मन में केवल यही विचार था कि तेरा तुझको अर्पण, क्या लागे मेरा। उन्होंने अपनी सफलता का पूरा श्रेय प्रभु की कृपा को दिया। भक्त का मानना है कि जब निस्वार्थ भावना से प्रभु के प्रति समर्पण किया जाता है, तो ईश्वर की उदारता स्वतः ही बरसने लगती है। इस धार्मिक कार्य और सेवा भाव की चर्चा भीलवाड़ा और नाथद्वारा दोनों ही स्थानों पर हो रही है।

### गौ संरक्षण के लिए जनजागरण अभियान, धार्मिक स्थलों पर लगाए बैनर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



संतों एवं महात्माओं के 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ द्वारा जिले में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत धार्मिक स्थलों, मंदिरों एवं प्रमुख चौराहों पर बैनर लगाकर आमजन को गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया गया।

संघ के जिलाध्यक्ष नानूराम तेली ने बताया कि कोशीथल क्षेत्र में गौ सेवा टीम द्वारा सघन दौरा कर अभियान को जन-जन तक पहुंचाया गया। इस दौरान बाडिया की माताजी, चारभुजा मंदिर (मठुणिया), रायपुर बस स्टैंड, कोशीथल बस स्टैंड और बड़ियां श्याम सहित विभिन्न स्थानों पर जागरूकता बैनर लगाए गए।

कार्यकर्ताओं ने आमजन को पंपलेट वितरित किए तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर लोगों का समर्थन भी जुटाया।

जिलाध्यक्ष तेली ने बताया कि आगामी 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' के तहत पूरे देश की प्रत्येक तहसील पर प्रार्थना पत्र (ज्ञापन) सौंपे जाएंगे। इसके लिए ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया गया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व है। गौ सेवा केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का भी माध्यम है।

इस अवसर पर कोशीथल सरपंच भेरू सिंह, देवीलाल सालवी (गोटू), शिवलाल गवारिया, प्रवीण सिंह, गज्जू बन्ना, नारायण कीर, महेंद्र गवारिया, गणपत गवारिया सहित कई गौ सेवक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।